**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-17 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 17 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-मथुरा में वृन्दावन विकास प्राधिकरण की स्वीकृत कालोनियों में जलभराव व अन्य समस्याओं का उल्लेख करते हुये शीघ्र समाधान कराये जाने हेतु डा0 संजय लाठर तत्कालीन नेता विरोधी दल, विधान परिषद, उ0प्र0 का पत्र संख्या-79/ने0वि0द0/वि0प0 दिनांक 21 अप्रैल, 2022 जोकि आपको सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र में किन-किन समस्याओं का उल्लेख किया गया है ? | पत्र में पुष्पांजलि कालोनी, आनन्दवन फेस-1, आनन्दवन फेस-2, प्रगति कुंज एवं आनन्द नगर आदि कालोनियों में जलभराव तथा उक्त कालोनियों में शीघ्र पार्कों को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने का उल्लेख किया गया है। |
| (ग) क्या उक्त पत्र में किये गये अनुरोध पर कार्यवाही करा दी गयी है ? | नगर निगम, मथुरा-वृन्दावन द्वारा पुष्पांजलि कालोनी, आनन्दवन फेज-1 व फेज-2 एवं आनन्द नगर में कतिपय नालों के निर्माण एवं पार्कों के सौन्दर्यीकरण कराये जाने हेतु आगणन तैयार किया गया है। प्रश्नगत कार्य का कराया जाना धन की उपलब्धता एवं स्थानीय निकाय के निर्णय पर निर्भर करता है। |
| (घ) यदि नही, तो उक्त पत्र पर कब तक कार्यवाही करा दी जायेगी ? | उक्त कालोनियों में स्थित पार्कों में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओं अभियान के अन्तर्गत समय-समय पर अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की जाती है। |

ए0के0 शर्मा
मंत्री,
नगर विकास विभाग।

BL-question ka ans & letter